हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 26 अक्टूबर 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 16.2 डिग्री

4

जिले भर के कोटवारों ने खोला मोर्चा नियमितीकरण और वेतन वृद्धि की मांग



खबर संक्षेप

मृतक की नहीं हुई पहचान, परिजन की तलाश में जुटी पुलिस

अम्बिकापुर। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक अधेड़ की मौत हो जाने तथा मृतक के साथ कोई परिजन नहीं होने पुलिस परिजन की तलाश शुरू कर दी है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुलिस कर्मचारियों के मुताबिक 17 अक्टूबर को बीमार हालत में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के साथ किसी परिजन के नहीं होने पर पुलिस ने शिनाख्त के लिए शव को मरच्यूरी कक्ष में रखवा दिया है। साथ ही मृतक के परिजन की तलाश शुरू कर दी है।

मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर हुई बैठक

अम्बिकापुर। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत अर्हता तिथि 1 जनवरी की स्थिति में फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2027 एवं मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में 22 अक्टूबर को बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर सरगुजा के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष कुमार देवांगन ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। बैठक में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर विचार-विमर्श किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 2 नवंबर को मतदान केन्द्रों का प्रकाशन, 12 नवंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन तथा 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावा-आपत्ति प्राप्त की जाएगी। प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा।

फर्जी टीपी से लकड़ी परिवहन पकड़ा गया, दो हिरासत में

अम्बिकापुर। सरगुजा में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से लकड़ी परिवहन में लगे ट्रक को पकड़ा है। ट्रक में फर्जी टीपी के जरिए लकड़ी का परिवहन किया जा रहा था। बता दें कि वन विभाग द्वारा इन दिनों जंगलों में नियमित रूप से भ्रमण कर तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस बीच वन विभाग ने शनिवार को रामानुजगंज बेरियर के समीप लकड़ी लोड ट्रक क्रमांक जेएच 09 एएस2401 को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक में लकड़ी मौजूद था लेकिन जब विभाग ने दस्तावेज की जांच की तो फर्जी टीपी के जरिए परिवहन की बात सामने आई। लकड़ी को सीतापुर से लोडकर बिहार ले जाया जा रहा था। मामले में वन विभाग ने बिहार निवासी बीरबल सिंह आ. निहोरा सिंह व प्रमोद कुमार केरकेट्टा आ.प्रेम लाल केरकेट्टा को हिरासत में लेने के साथ ही छत्तीसगढ़ अभिवहन (वनोपज) नियम 2001 की धारा 3, 4, 5, 6, 22 एवं वाहन एवं काष्ठ की जप्ती भारतीय वन अधिनियम की धारा 52(1) के अंतर्गत की गई है। वन विभाग द्वारा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में एसडीओ आईएफएस कुणाल मिश्रा के नेतृत्व वन परिक्षेत्राधिकारी आशीष देवांगन, परिक्षेत्र सहायक दिनेश टोप्पो, वनरक्षक नवीन कुमार सिंह, संदीप किंडो, सुभाष सिंह एवं समस्त बैरियर स्टाफ सक्रिय रहे।

सीएम के निर्देश पर 3 करोड़ 32 लाख से बन रहा उच्च स्तरीय पुल

कोकिया नाला पुल निर्माण में आई तेजी, शीघ्र मिलेगी लोगों को सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जशपुर जिले में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाने के लिए निर्माण कार्यों में तेजी लाई जा रही है। इसी कड़ी में फरसाबहार विकासखंड के कोकिया नाला पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। लगभग 3 करोड़ 32 लाख की लागत से बन रहे इस पुल का करीब 30 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। सेतु निगम द्वारा फरवरी 2027 तक निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

- सीमावर्ती गांवों को मिलेगी बारहमासी आवागमन की सुविधा

बारिश में आवागमन की समस्या से मिलेगी राहत

कोकिया नाला पर पुल का निर्माण पूरा होने से बरसात के दिनों में ग्रामीणों को होने वाली आवागमन संबंधी परेशानियों से राहत मिलेगी। मानसून के दौरान नाले में पानी भर जाने से खेजूरबहार व आसपास के गांवों का संपर्क प्रभावित हो जाता था। इससे ग्रामीणों को पंचायत संबंधी कार्यों, बाजार, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।



10 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर होगा समाप्त

वर्तमान में भालूमुंडा और खेजूरबहार के बीच कोकिया नाला पर पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों को दूसरे मार्ग से होकर लगभग 10 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। पुल निर्माण पूरा होने के बाद यह परेशानी दूर होगी और ग्रामीणों को सीधे मार्ग से आवागमन की सुविधा मिलेगी।



छत्तीसगढ़ और ओडिशा के सीमावर्ती गांवों को होगा लाभ

इस पुल का लाभ फरसाबहार विकासखंड के खेजूरबहार, भालूमुंडा सहित आसपास के अनेक गांवों के लोगों को मिलेगा। साथ ही ओडिशा सीमा से लगे गांवों के निवासियों के लिए भी आवागमन आसान होगा। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और दैनिक जरूरतों से जुड़ी सेवाओं तक पहुंच बेहतर होने की उम्मीद है।

किसानों और विद्यार्थियों के लिए भी उपयोगी

उच्च स्तरीय पुल बनने से किसानों को अपनी कृषि उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी। वहीं विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज आने-जाने में बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। क्षेत्र में संपर्क व्यवस्था बेहतर होने से स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलने की संभावना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर पुल निर्माण कार्य में हो रही प्रगति से क्षेत्र के ग्रामीणों में उम्मीद जगी है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद कोकिया नाला क्षेत्र में आवागमन अधिक सुगम होगा और सीमावर्ती गांवों के लोगों को वर्षभर बेहतर संपर्क सुविधा मिल सकेगी।

केराडीह में कौमी एकता की गूंज, सजी कव्वाली की महफिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के कुनकुरी क्षेत्र अंतर्गत केराडीह में सेराज खान के नेतृत्व में सीज्ञान अनवर के रस्मे सुन्नत के अवसर पर कौमी एकता एवं सद्भावना कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी समाजों और धर्मों के लोगों ने उत्साहपूर्वक शिरकत की। इस आयोजन ने आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और एकता का खूबसूरत संदेश दिया।

कार्यक्रम के शुरुआत में सेराज खान ने सभी धर्म समाज के सभी नागरिकों का मंच पर साल श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। वहीं सुशीला साय व राजीव नंदे ने केक और रिबन काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

शाकिब और शाहीन के बीच कव्वाली का जोरदार मुकाबला

कार्यक्रम में मशहूर कव्वाल शाकिब अली साबरी ने देशभक्ति गीत से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की। हिंदुस्तान की एकता और देशप्रेम से ओतप्रोत गीतों ने मौजूद लोगों का दिल जीत लिया। उनकी दमदार आवाज और शानदार अंदाज ने ऐसा समां बांधा कि श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। उत्साहित दर्शकों ने कलाकारों का तालियों और नगद इनाम की बौछार के साथ स्वागत किया।

देशभक्ति और भाईचारे के रंग में रंगी महफिल

कार्यक्रम को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। कव्वाली की महफिल में अलग-अलग समाजों और धर्मों के लोगों की भागीदारी ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति, आपसी प्रेम और सद्भावना का माहौल नजर आया। सेराज खान के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि धर्म और समाज की विविधताओं के बावजूद इंसानियत, भाईचारा और राष्ट्रीय एकता सभी को एक सूत्र में बांधते हैं।

कौमी एकता का दिया संदेश

रस्मे सुन्नत के अवसर पर आयोजित यह कव्वाली कार्यक्रम केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का संदेश देने वाला आयोजन भी बना। शाकिब अली साबरी की प्रस्तुति और लोगों के उत्साह ने पूरी महफिल को यादगार बना दिया। केराडीह की इस कव्वाली महफिल में गूंजे देशभक्ति के तराने और भाईचारे का संदेश लोगों के बीच कौमी एकता की खूबसूरत मिसाल बनकर सामने आया।

तिवरागुड़ी में नवीन धान उपार्जन केंद्र की जमीन पर अवैध कब्जा करने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

क्षेत्र के किसानों को राहत देने तथा ग्राम पंचायत में ही धान की बिक्री करने की सुविधा उपलब्ध हो और आसपास पंचायत के किसान अपनी उपज विक्रय करने में हो रही परेशानी को ध्यान में रखकर ग्राम पंचायत तरवागुडी में धान उपार्जन केन्द्र खोले जाने से शासन से आदेश प्राप्त हुआ। धान उपार्जन केंद्र के लिए ग्राम पंचायत में ही शासकीय भूमि का चिन्हांकित किया गया। हैरानी की बात तो यह है कि चिन्हांकित शासकीय भूमि पर ही कुछ लोगों द्वारा न सिर्फ कब्जा किया बल्कि अवैध निर्माण कर दिया गया है जिससे ग्राम पंचायत के लोगों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने चिन्हांकित धान उपार्जन केन्द्र भूमि पर अवैध निर्माण किए जाने पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

रामानुजनगर स्थित ग्राम पंचायत तिवरागुड़ी में शासन द्वारा स्वीकृत नवीन धान उपार्जन केंद्र की भूमि पर अवैध रूप से मकान और कुएं का निर्माण कराए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत के लोगों ने तहसीलदार को पत्र लिखकर अवैध निर्माण को तत्काल हटाने की मांग की है। ग्राम पंचायत सरपंच,सचिव द्वारा जारी पत्र के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग रायपुर से दिनांक 31 सितंबर को ग्राम पंचायत तिवरागुड़ी में नवीन धान उपार्जन केंद्र खोले जाने का आदेश प्राप्त हुआ था। शासन के आदेश के परिपालन में ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित कर शासकीय भूमि को धान उपार्जन केंद्र के लिए चिन्हांकित किया गया था।ग्रामीणों का आरोप है कि 21 सितंबर को गांव के ही सम्मानाराम उर्फ ननकू आ. स्व. सुखराम, मोटू आ. स्व. सुखराम और मुन्नी बाई पति स्व. सुखराम द्वारा नए धान उपार्जन केंद्र के लिए चिन्हांकित शासकीय भूमि पर कुआं एवं मकान का निर्माण करा दिया गया है।

ग्रामीणों ने की अवैध कब्जा हटाने की मांग

ग्राम पंचायत तिरवागुडी के ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज दूसरे पंचायत स्थित धान उपार्जन केन्द्र में बिक्री करने जाना पड़ता था। आने जाने तभा अपनी उपज को ले जाने में काफी परेशानी होती थी। लंबे समय से ग्राम पंचायत में धान उपार्जन केंद्र खोले जाने की मांग की जा रही थी। लंबे समय बाद ग्राम पंचायत में नए उपार्जन केंद्र खोने जाने का आदेश हुआ और ग्राम पंचायत स्थित शासकीय भूमि का चिन्हांकन किया गया लेकिन चिन्हांकित शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर अवैध निर्माण कर दिया है। ऐसे में अब नए उपार्जन केंद्र खोले जाने में परेशानी होने लगी है। ग्रामीणों ने अवैध निर्माण हटाने की मांग की है जिससे ग्राम पंचायत में नए धान उपार्जन केन्द्र खोला जा सके।

अब सरगुजा से रायपुर के लिए शुरू होगी हवाई सेवा, हफ्ते में तीन दिन फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में हवाई सेवा को लेकर एक नई उपलब्धि जुड़ने वाली है। अब सरगुजा वासियों को राजधानी तक का सफर करने में आसानी होगी। ऐसा इसलिए क्यों कि अंबिकापुर से रायपुर के लिए इसी सप्ताह से हवाई सेवा शुरू की जाएगी। हैदराबाद से जगदलपुर, रायपुर तक आने आने वाली फ्लाईट अब अंबिकापुर तक आएगी और फिर अम्बिकापुर से रायपुर होते हुए वापस हैदराबाद तक जाएगी। इस सुविधा के शुरू होने से जिलेवासियों को खाफी राहत मिलने की उम्मीद है। बता दें कि सरगुजा इन दिनों सिर्फ बिलासपुर, दिल्ली तक की हवाई सेवा उपलब्ध है। मां महामाया दरिमा एयरपोर्ट से एटीआर 72 विमान का संचालन किया जा रहा है लेकिन सरगुजा के यात्री बिलासपुर के लिए विमान में सफर करने को यात्री नहीं मिल रहे थे। बिलासपुर



के लिए सरगुजा से बेहद कम टिकट की बुकिंग हो रही है। इस बीच ज्यादातर लोगों द्वारा राजधानी तक हवाई सेवा के संचालन की मांग की जा रही थी। सरगुजा से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग रायपुर का सफार करते है। निजी कार्यों के साथ ही व्यवसाय, स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से लोग रायपुर तक का सफर ट्रेन, बस के साथ ही अपने निजी वाहनों से करते है लेकिन लगभग साढ़े तीन सौ किलोमीटर का सफर करने में लोगों को काफी समय लगता है। सबसे ज्यादा परेशानी मेडिकल एमरजेंसी के दौरान होती है। हालांकि लोगों द्वारा रायपुर के साथ ही रांची होते हुए बनारस तक विमान संचालन की भी मांग कर रहे थे। बीच में इस बात की जानकारी भी आई कि बनारस तक विमान का संचालन किया जाएगा लेकिन बाद में डीजीसीए से विमान संचालन की अनुमति नहीं मिल पाई। इस बीच अब रायपुर तक हवाई सेवा के संचालन की अनुमति मिलने से लोगों ने राहत की सांस ली है। रायपुर के लिए विमान सेवा शुरू होने से व्यवसाय, स्वास्थ्य गत कारणों के साथ ही अन्य निजी कार्यों के लिए रायपुर जाने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी।

किया जाएगा संचालन

रायपुर के लिए 72 सीटर विमान का संचालन किया जाना है। हैदराबाद से जगदलपुर रायपुर होते हुए विमान अंबिकापुर आएगी और इसी तरह वापसी करेगी। 25 अक्टूबर तक फ्लाईट शेड्यूल जारी होगा।

-सुशील श्रीवास्तव, एयरपोर्ट डायरेक्टर



खबर संक्षेप

शरद पूर्णिमा पर गूंजेगा बाबा श्याम का जयकारा

बिश्रामपुर। शरद पूर्णिमा के अवसर पर बिश्रामपुर-शिवनन्दनपुर नगर का माहौल बाबा श्याम की भक्ति और भजनों की मधुर धुन से भक्तिमय होने जा रहा है। श्री श्याम सलोना परिवार बिश्रामपुर की ओर से सोमवार 26 अक्टूबर को शाम 7.30 बजे नगर के अग्रसेन भवन में तृतीय वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में भव्य श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा,आयोजन को लेकर श्याम भक्तों में उत्साह है। कार्यक्रम में बाबा श्याम का आकर्षक दरबार सजाने के साथ अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाएगी और छप्पन भोग अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी।इस भव्य संकीर्तन में बाबा श्याम का गुणगान करने हरियाणा के राहुल शर्मा कनानी, जशपुर जिले के कोटबा से संदीप शर्मा तथा कोरबा की कल्याणी मित्तल पहुंचेंगी। इन भजन गायकों की प्रस्तुतियों से पूरा आयोजन श्याममय होने की उम्मीद है। वहीं राहुल अग्रवाल द्वारा बाबा श्याम का भव्य एवं मनमोहक श्रृंगार किया जा रहा है, जो दरबार की दिव्यता को और खास बनाएगा।

अवैध खनिज परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई 11 वाहन जब्त



बिश्रामपुर। जिले में अवैध खनन एवं परिवहन पर कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को इसी कड़ी में माइनिंग अधिकारी के नेतृत्व में अवैध खनिज परिवहन करते पाए जाने पर 11 वाहनों पर कार्यवाही की गई।प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत खड़गवाँ क्षेत्र में 3 गिट्टी लोड हाइवा वाहनों को अवैध गिट्टी परिवहन करते जबकि ग्राम राजापुर में 8 टीपर रेत लोड कर अवैध परिवहन करते पाए जाने पर कार्रवाई की गई है। जब्त वाहनों को पुलिस की अभिरक्षा में सौंपा गया है। बता दें कि 15 अक्टूबर के बाद रेत तस्करों द्वारा खुले आम बेखौफ तरीके से नदियों में वाहन उतार रेत का परिवहन किया जा रहा है। सूरजपुर जिले से रोजाना दर्जनों मिनी ट्रक लोड रेत दूसरे जिले व संभाग मुख्यालय अंबिकापुर की तरफ सप्लाई की जा रही है।

सात सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक संघ ने संयुक्त संचालक एवं डीईओ को सौंपा ज्ञापन



सीतापुर। लंबित विभागीय प्रकरणों का निराकरण, अर्जित अवकाश एवं नियमितीकरण समेत सात सूत्रीय मांगों को लेकर छतीसगढ़ शिक्षक संघ ने संयुक संचालक शिक्षा एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में अजजा क्षेत्र में कार्यरत अधिकारी कर्मचारी एवं शिक्षकों को दस दिन का विशेष अर्जित अवकाश, बीईओ कार्यालय में लिपिकीय कर्मचारियों की कमी दूर करने, लंबित विभागीय प्रकरणों का निराकरण, सेवानिवृत्त होने के बाद पेंशन प्रकरण का त्वरित निराकरण, 2023 में पदस्थ शिक्षकों का नियमितीकरण करने की मांग की गई। इसके अलावा स्कूलों में चना वितरण की राशि का भुगतान समेत जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने की मांग संघ द्वारा की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष छतीसगढ़ शिक्षक संघ सीपी सोनी, जिला सचिव उमेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष विश्वास तिवारी, उपाध्यक्ष राबेनतुस लकड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष सीतापुर राजेश गुप्ता समेत शोभित दास, रामविचार यादव, वेदप्रकाश शर्मा, साकेत शर्मा, हीरालाल साहू, नागेश साहू, राज भगत, सत्यप्रताप, मुकेश कंवर समेत अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

किराना दुकान में सेंध लगाकर चोर ले उड़ 30 हजार का सामान

अम्बिकापुर। भैयाथान थाना अंतर्गत ग्राम डांड़ अमोरनी निवासी संदीप गोयल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 21 अक्टूबर की रात ग्राम पकनी स्थित किराना दुकान को बंद कर घर आ गया। दूसरे दिन भाई प्रवीण गोयल दुकान खोला तो देखा दुकान के गोदाम में सेंध लगा है और सामान बिखरे थे। दुकान में चोरी होने पर की जानकारी प्रवीण ने भाई को दिया। जब दुकान संचालक दुकान पहुंचा और सामान का मिलान किया तो पता चला कि लगभग 30 हजार कीमत का किराना सामान गायब है। संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305, 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

बारिश थमने के बाद भी सड़क पर बह रहा गंदा पानी

नगर सीमा से लगे स्टेट हाइवे की हालत दयनीय, लोगों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिला मुख्यालय के स्टेट हाईवे रोड में बहने वाला यह पानी कोई बारिश का नहीं है बल्कि जनपद पंचायत सदस्य दीपक गुप्ता सहित उसके आसपास के लोगों के घरों का निकलने वाला गंदा पानी है। सड़क पर बहने वाले पानी का उद्गम स्थल नगर सीमा से लगे ग्राम पंचायत दहेजवार के हिंदू चौक के घर के पास से है और यह पानी ग्राम पंचायत से बहते हुए नगरपालिका क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस तक 200 मीटर से भी लंबी दूरी तय करती है। पानी से 200 मीटर से भी लंबी स्टेट हाईवे की सड़क खराब हो चुकी है। बावजूद इसके आज तक पानी सड़क पर न बहे इसके लिए नाली निर्माण नहीं किया गया जिसका खामियाजा मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

खास बातें
- स्टेट हाईवे की मुख्य मार्ग हो गई क्षतिग्रस्त
- गंदा पानी के दुर्गंध और जर्जर सड़क से बढ़ी लोगों की परेशानी

जिले के सबसे बड़ा ग्राम पंचायत दहेजवार जो जिला मुख्यालय के नगर सीमा से लगा हुआ है। इस ग्राम पंचायत से होकर स्टेट हाईवे की सड़क बलरामपुर मुख्यालय से चांदो से कुसमी तक जाती है और इसी स्टेट हाईवे की सड़क के किनारे दहेजवार ग्राम पंचायत बसा हुआ है जो ग्राम पंचायत जिला मुख्यालय की नगर सीमा से लगा हुआ है। पंचायत के हिंदू चौक के पास सड़क किनारे रहने वाले लोगों के घरों का गंदा पानी निकालने की वजह से स्टेट हाईवे के सड़क पूरी तरह से खराब हो गई है। जनपद सदस्य दीपक गुप्ता और उसके आसपास के रहने वाले लोगों के घरों का गंदा पानी सड़क पर बहता है सड़क के 100 मीटर के दायरे में नाली नहीं है, 100 मीटर के बाद नगर पालिका क्षेत्र लगती है जहां नाली बना हुआ है लेकिन नगरपालिका क्षेत्र के नाली मे उसके आसपास के दबंग लोगों द्वारा नाली पर अवैध कब्जा कर लेने और नाली खराब कर देने की वजह से घरों का गंदा पानी नाली में नहीं बह रहा है जिसके वजह से स्टेट हाईवे की सड़क पर बारिश थमने के बाद भी पानी बहता है। हैरानी बात तो यह है कि यह समस्या लंबे समय से है लेकिन इस समस्या का समाधान करने के बजाय पंचायत और नगरीय प्रशासन सहित जिला प्रशासन मौन बैठा हुआ है। नाली पर अवैध कब्जा करने के बावजूद आज तक नाली को कब्जा मुक्त कराने किसी प्रकार की पहल नहीं की गई जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों के अलावा मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क के बीच गंदा पानी बहने तथा कई जगह सड़क पर गड्ढे हो जाने से राहगीर न सिर्फ दुर्घटना के शिकार हो रहे बल्कि सड़क पर पानी भर जाने लोगों का पैदल चलना दूभर हो गया है। इसके अलावा लोगों के घर से निकलने वाले गंदा पानी की बदबू से परेशानी होती है और बीमारियों का संक्रमण खतरा बना हुआ है। पंचायत के लोगों द्वारा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पंचायत स्तर से लेकर के जिला स्तर पर मांग किया है लेकिन कई साल बीत गए परंतु व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो सका। व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने के वजह से सड़क की स्थिति दिनो दिन और भी दयनीय होती जा रही है।



सड़क पर बहता गंदा पानी।

नालियों पर अवैध कब्जा

स्टेट हाइवे के 100 मीटर जहां नाली नहीं है वहां प्रशासन द्वारा नाली निर्माण के लिए सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और नाली बनाना है। लेकिन सड़क की जमीन पर अवैध कब्जा की वजह से नाली नहीं बन पा रहा है। जिला प्रशासन कब्जा हटाने में नाकाम है। नालियों पर अवैध कब्जा कर लोगों द्वारा नालियों पर गंदा पानी बनाने के बजाय सड़कों पर बढ़ाया जा रहा है जिससे परेशानी बढ़ती जा रही है। प्रशासन का दावा है कि यहां पर जल्द ही नाली का निर्माण कराया जाएगा और सड़कों पर बहने वाले गंदा पानी को नाली पर डिस्पैच किया जाएगा। ऐसे दावे प्रशासन के तरफ से कई बार किया जा चुका हैं लेकिन समस्या यथावत बना हुआ है।

नहीं किया गया है नाली निर्माण

हिंदू चौक के पास रहने वाले लोगों का कहना है कि स्टेट हाईवे की तरफ से जब सड़क बना तो यहां पर नाली ही निर्माण नहीं कराया गया। शहरी क्षेत्र से गुजरने वाले स्टेट हाईवे सड़क किनारे नाली का निर्माण करना आवश्यक होता है लेकिन विभाग की तरफ से नाली निर्माण नहीं हुआ। पानी निकासी नही होने के कारण घर का गंदा पानी नाली नहीं होने से सड़क पर ही बहता है। पंचायत के लोग द्वारा कई बार जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के अलावा जनप्रतिनिधियों से मांग की जा चुकी है लेकिन वर्षों गुजर रहा जा रहे हैं समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

प्रक्रिया हो गई है पूरी

नाली निर्माण के लिए सारी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। दशहरा त्योहार के कारण कार्य रुका हुआ था। यहां कार्य प्रारंभ होने पर विवाद की स्थिति निर्मित होने के अंदेशा है। एसडीएम को विवाद की स्थिति की सूचना देने के बाद अगले दिवस से कर प्रारंभ कराया जाएगा। अगले तीन-चार दिनों के बाद यहां नाली निर्माण कर प्रारंभ हो जाएगा

-दिलीप गुप्ता, ग्राम पंचायत सचिव

कराई जाएगी जांच

नालियों पर अवैध कब्जा किया गया है इसकी जानकारी नहीं है। टीम भेज कर जांच करता हूं, यदि नालियों पर अवैध कब्जा होगा तो उसे हटाकर कब्जाधारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

-दीपक एक्का, सीएमओ



दांतीढाब के ग्रामीणों को मिलेगा वाटर फिल्टर प्लांट का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपाट

विधायक रामकुमार टोप्पो मैनपाट के ग्राम नर्मदापुर अंतर्गत सुदूर क्षेत्र दांतीढाब पहुंचकर ग्रामीणों से जनसंपर्क किया और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। दांतीढाब सहित क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से लाल पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में क्षेत्र में वाटर फिल्टर प्लांट की सुविधा मिलने से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है।

- जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए विधायक रामकुमार टोप्पो

गौरतलब है कि सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के कई दूरस्थ इलाकों में सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी लंबे समय से ग्रामीणों के लिए चुनौती रही है। विधायक श्री टोप्पो इन क्षेत्रों में स्वयं पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित कर रहे हैं। विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि अगले पांच वर्षों में विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव विकास और मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। सड़क, बिजली, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल जैसी आवश्यक सुविधाएं प्रत्येक क्षेत्र तक पहुंचें, ताकि हमारा विधानसभा क्षेत्र सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ सके। दांतीढाब में जनसंपर्क के दौरान स्वच्छ पेयजल सहित मूलभूत सुविधाओं का मुद्दा प्रमुखता से सामने आया। वाटर फिल्टर प्लांट की सुविधा से ग्रामीणों को राहत मिलने की उम्मीद है। इस दौरान भाजपा मंडल पदाधिकारी एवं मैनपाट जनपद उपाध्यक्ष अनिल सिंह, धीरन सिंह, कुंजबिहारी गुप्ता, मोहित नामदेव, उप सरपंच सोनू अग्रवाल, नंदकुमार मोदी सहित अन्य मौजूद थे।

हाथियों ने हर्राघाट में दो मकानों को किया क्षतिग्रस्त

अंबिकापुर। जिले के उदयपुर विकासखंड में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाथी जंगल से निकलकर फसलों को नुकसान पहुंचाने मकानों को क्षति ग्रस्त कर रहे है। बीती रात भी हाथियों ने चकेरी में दो मकानों को ढहाने के साथ ही फसलों को नुकसान पहुंचाया है। बता दें कि जिले के उदयपुर क्षेत्र में हाथियों का दल महीने भर से डेरा जमाए हुए है। हाथी अलग अलग दलों में बंटकर विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे है। वन परिक्षेत्र में वर्तमान में 12 हाथियों का दल सक्रिय है। बीती रात हाथियों ने हर्राघाट में दो मकानों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही जमकर उत्पात मचाया। वर्तमान में हाथी चकेरी के भुतानाखा जंगल में विचरण कर रहे है। वन विभाग ने लोगों से रात के समय जंगल में नहीं जाने, हाथियों के करीब जाने या उन्हें भगाने की कोशिश न करने, हाथियों की गतिविधियों की सूचना तत्काल वन विभाग को देने का आह्वान किया है।

पटवारियों की हड़ताल से धान खरीदी प्रभावित होने की आशंका, किसानों के नुकसान पर जताई चिंता

रामानुजगंज। छत्तीसगढ़ में पटवारियों की हड़ताल को लेकर किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री विकास दुबे ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि पटवारियों की हड़ताल लंबी चलने से प्रदेश में धान खरीदी की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है, जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।



- किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री विकास दुबे ने की सरकार से जल्द समाधान निकालने की मांग

विकास दुबे ने कहा कि धान खरीदी का सीजन किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान राजस्व संबंधी कार्यों और आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया में पटवारियों की अहम भूमिका रहती है। ऐसे में हड़ताल के कारण संबंधित कार्यों में देरी होने से किसानों को धान बेचने में दिक्कत आ सकती हैं। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ सकता है। धान खरीदी में देरी होने से किसानों की आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ने की आशंका है। किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री विकास दुबे ने राज्य सरकार से मांग की कि पटवारी संघ के प्रतिनिधियों से बातचीत कर उनकी मांगों और समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाए। सरकार को किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसा रास्ता निकालना चाहिए, जिससे पटवारियों की समस्याओं का समाधान हो और धान खरीदी व्यवस्था भी प्रभावित न हो और किसानों को समय पर अपनी उपज बेचने का अवसर मिल सके।



शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में आयोजित हुई एकता दौड़, योग एवं प्राणायाम का दिया संदेश

रामानुजगंज। शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 12वीं वाहिनी, रामानुजगंज में एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा के माध्यम से योग, व्यायाम एवं प्राणायाम के महत्व को बताते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीद पुलिसकर्मियों के बलिदान को याद करते हुए देशभक्ति, साहस, अनुशासन और आपसी एकता के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। योग एवं प्राणायाम को नियमित दिनचर्या में शामिल कर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

छह खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय तीरंदाजी अकादमियों में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्रामीण और आदिवासी अंचलों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें सही अवसर, संसाधन और मार्गदर्शन देने की। अदाणी फाउंडेशन की पहल ने इस सोच को साकार करते हुए छह युवा तीरंदाजों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का नया अवसर दिया है। फाउंडेशन की सीएसआर पहल के तहत संचालित तीरंदाजी प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े छह खिलाड़ियों का राज्य की प्रतिष्ठित तीरंदाजी एवं खेल प्रशिक्षण अकादमियों के लिए चयन हुआ है। महज छह माह के प्रशिक्षण में मिली यह सफलता ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

- 157 बच्चों में से चुने गए थे 15 प्रतिभाशाली खिलाड़ी

ग्राम साल्ही से नवंबर 2025 में शुरू किए गए इस कार्यक्रम का संचालन एटीएमएसएल की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत सर्विसेज द्वारा किया जा रहा है। परियोजना क्षेत्र के विभिन्न गाँवों के 157 बच्चों ने तीरंदाजी प्रशिक्षण में रुचि दिखाई थी। इनमें से प्रतिभा के आधार पर 15 बच्चों का चयन किया गया, जिनमें आठ बालिकाएं और सात बालक शामिल थे। चयनित खिलाड़ियों में ग्राम घाटबर्रा की महिमा सिंह, ग्राम साल्ही की अंजलि कुशरो, ग्राम बासेन के दिलेश्वर श्याम, ग्राम हरिहरपुर के अंशु वरकड़े, ग्राम तारा के सत्यम तिर्की और ग्राम फतेहपुर के प्रियांशु विश्वकर्मा शामिल हैं। राज्य स्तरीय अकादमियों में चयन से इन खिलाड़ियों को आगे बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करने और उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए अपनी क्षमता विकसित करने का अवसर मिलेगा।

अलग- अलग सड़क दुर्घटना में चार लोगों की गई जान

अम्बिकापुर। कार, पिकअप व बाइक की टक्कर मारने की अलग अलग सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोगों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बसदेई अंतर्गत ग्राम मसीरा निवासी बालेलाल आ. स्व. शिव प्रसाद (51 वर्ष) एसबीआई बैंक में गनमैन सुरक्षाकर्मी था। 13 अक्टूबर की शाम बैंक से ड्यूटी कर बाइक से घर जा रहा था। जैसे ही तिलसिवा रेलवे क्रासिंग के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे कार क्रमांक सीजी 15 ईई 3276 का चालक जो शराब के नशे में धुत्त था। कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे गनमैन सुरक्षा कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल हो स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कुछ दिन उपचार के पश्चात परिजन घायल को बनारस अस्पताल में जांच व उपचार कराने के पश्चात गत दिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोपालपुर निवासी शिव कुमार आ. ठीभू राम (35 वर्ष) 23 अक्टूबर को किसी काम के सिलसिले में टुकुडांड गए थे। दोपहर को एक बाइक में शिव कुमार, मनीष यादव व राजकुमारी टूकूडांड से वापस गोपालपुर लौट रहे थे। जैसे ही शाम को बाइक सवार ग्राम करसी के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप क्रमांक यूपी 64 सीटी 4289 के चालक ने टक्कर मार दी। पिकअप की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार मनीष यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि शिव कुमार व राजकुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए। निजी वाहन से तीनों को तत्काल प्रतापपुर अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने मनीष का मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल शिव कुमार व राजकुमारी को प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात शिव कुमार की उपचार के दौरान मौत हो गई। वही एक अन्य घटना में विश्रामपुर अंतर्गत ग्राम बरौल बेलपारा निवासी सीताराम प्रजापति दशहरा के दिन भतीजी अंजली आ. शिवशंकर (14 वर्ष) के साथ बाइक से दशहरा मेला देखने भटगांव जा रहे थे। इसी दौरान बाथरूम लगने पर सीताराम खोपा मोड के समीप बाइक को सड़क किनारे खड़ा कर बाथरूम करने चला गया। इसी बीच सामने से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 10 बीजे 6808 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक के पास खड़ी बालिका को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बालिका को तत्काल बतरा अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालिका की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बालिका की मौत हो गई।

फर्जी टीपी से लकड़ी परिवहन पकड़ा गया, दो हिरासत में

अम्बिकापुर। सरगुजा में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से लकड़ी परिवहन में लगे ट्रक को पकड़ा है। ट्रक में फर्जी टीपी के जरिए लकड़ी का परिवहन किया जा रहा था। बता दें कि वन विभाग द्वारा इन दिनों जंगलों में नियमित रूप से भ्रमण कर तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस बीच वन विभाग ने शनिवार को रामानुजगंज बेरियर के समीप लकड़ी लोड ट्रक क्रमांक जेएच 09 एएस2401 को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक में लकड़ी मौजूद था लेकिन जब विभाग ने दस्तावेज की जांच की तो फर्जी टीपी के जरिए परिवहन की बात सामने आई। लकड़ी को सीतापुर से लोडकर बिहार ले जाया जा रहा था। मामले में वन विभाग ने बिहार निवासी बीरबल सिंह आ. निहोरा सिंह व प्रमोद कुमार केरकेट्टा आ.प्रेम लाल केरकेट्टा को हिरासत में लेने के साथ ही छत्तीसगढ़ अभिवहन (वनोपज) नियम 2001 की धारा 3, 4, 5, 6, 22 एवं वाहन एवं काष्ठ की जप्ती भारतीय वन अधिनियम की धारा 52(1) के अंतर्गत की गई है। वन विभाग द्वारा



आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में एसडीओ आईएफएस कुणाल मिश्रा के नेतृत्व वन परिक्षेत्राधिकारी आशीष देवांगन, परिक्षेत्र सहायक दिनेश टोप्पो, वनरक्षक नवीन कुमार सिंह, संदीप किंडो, सुभाष सिंह एवं समस्त बैरियर स्टाफ सक्रिय रहे।

सूरजपुर में मनाया जा रहा राष्ट्रीय पुलिस झंडा दिवस अधिकारियों ने रस्सा खींच प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

सूरजपुर। जिले में 21 से 31 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पुलिस झंडा दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा पुलिस शहीदों के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को स्मरण करने के साथ-साथ पुलिस की भूमिका एवं योगदान के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 23 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल की उपस्थिति में पुलिस लाइन सूरजपुर में विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों की दो टीमों के बीच रस्सा खींच प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में अधिकारियों ने पूरे उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ भाग लिया। इस आयोजन के माध्यम से पुलिसकर्मियों में आपसी समन्वय, टीम भावना और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय पुलिस झण्डा दिवस पुलिस के शहीदों के शौर्य, साहस और सर्वोच्च बलिदान को याद करने तथा उनके योगदान से नई पीढ़ी को परिचित कराने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ और फिट रहना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार की खेलकूद गतिविधियां न केवल शारीरिक क्षमता को बेहतर बनाती हैं, बल्कि आपसी सहयोग, अनुशासन, टीम भावना और कार्यक्षमता को भी मजबूत करती हैं। इस दौरान एएसपी योगेश देवांगन, सीएसपी बेनार्ड कुजूर, एसडीओपी अनूप एक्का, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, पुष्पेन्द्र शर्मा सहित विभिन्न थाना-चौकी प्रभारी तथा जिले के विभिन्न थानों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

- पुलिस शहीदों के शौर्य, बलिदान और राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका को लोगों तक पहुंचाने होंगे विविध आयोजन




ढक्कन विहीन नाली एवं मुख्य मार्ग किनारे गड्ढा बना खतरनाक

बलरामपुर। नगर पालिका क्षेत्र के मुख्य मार्ग किनारे गड्ढा और विभिन्न वार्डों में खुले नाली अब लोगों सहित मवेशियों के लिए खतरनाक बन गया है। आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं और पशु उस गड्ढे में गिरकर घायल हो रहे हैं। वार्ड कुमार 15 में आज एक मवेशी गड्ढे में गिरकर फंसा रहा।

इसी बीच मार्ग से गुजर रहे लोगों ने मवेशी को गड्ढे में देखकर के बड़ी मुश्किल से उसे बाहर निकाला और जंगल तरफ ले जाकर के छोड़ा। इतना ही नहीं इस तरह के गड्ढे नगरीय क्षेत्र में हर जगह देखने को मिल जाएंगे लेकिन उसे पाटने के लिए या सुरक्षित रखने नगरीय प्रशासन द्वारा कोई उपाय किया जा रहा है। गड्ढा खोदकर खुला छोड़ने वाले व्यक्ति के ऊपर कोई कारवाई किया जा रहा है। वार्ड नंबर 15 में घरों का पानी गड्ढे में जमा करने के लिए लोग गड्ढा खोद करके रखे हैं जिससे आए दिन मवेशी या कोई राहगीर गिरकर घायल हो रहे हैं। ऐसा ही वाक्य कुछ दिन पूर्व घटित हुआ था जिसमें चांदो रोड मुख्य मार्ग में एक मवेशी खुले नाली में गिर गई जिससे उसकी मौत गई।





अनुपम खेर संगीत के जादूगर स्टीवी वंडर से मिलकर हुए भावुक

मुंबई। दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर को स्वीडन के स्टॉकहोम में स्टीवी वंडर के कॉन्सर्ट के बाद बैकस्टेज में उनसे मिलने का खास मौका मिला। यह कॉन्सर्ट वंडर के 50वीं सालगिरह दौरे का हिस्सा था। वंडर से मिलकर अनुपम सचमुच भावुक हो उठे और उन्होंने अपनी खुशी और तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कीं। अनुपम ने की वंडर के संगीत और मानवीय कार्यों की सराहना अनुपम ने इस अनुभव को यादगार बताया। उन्होंने कहा, स्टीवी वंडर ने एक के बाद एक गाने गाकर हर सुर से पूरे एरिना को जैसे जादू से भर दिया था। अनुपम ने वंडर की दयालुता की भी खुलकर तारीफ की।

लाइफ Style

दीपिका

'किंग' में शाहरुख संग गाने से मचाएंगी धमाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण आगामी फिल्म 'किंग' के लिए फिर साथ आएंगे। क्रिसमस, 2026 पर इसकी रिलीज से पहले, दोनों कलाकार एक गाने की शूटिंग साथ करने वाले हैं। इसे कोरियोग्राफ करने की जिम्मेदारी कथित तौर पर वैभवी मर्चेंट ने उठाई है।

बताया जा रहा है कि निर्माताओं ने इस सीक्वेंस के लिए तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी हैं। गाने की शूटिंग के लिए 26 अक्टूबर का दिन चुना गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस गाने में फिल्म की पूरी कास्ट के शामिल होने की उम्मीद है। निर्माताओं ने इसके लिए मुंबई में तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि, गाने का शीर्षक, म्यूजिक कंपोजर और दूसरे क्रिएटिव कोलेबोरेटर्स के बारे में जानकारी अभी सामने नहीं आई है। कहा जा रहा है कि इसकी कोरियोग्राफी वैभवी करेंगी। पहले भी फिल्म के सेट से शाहरुख और दीपिका के कुछ क्लिप सामने आए थे, जिनमें दोनों गाने की शूटिंग कर रहे थे। 'किंग' इस साल की बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्माण शाहरुख के रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। इसके निर्देशन की जिम्मेदारी सिद्धार्थ आनंद ने उठाई है। 2023 में आई 'पठान' और 'जवान' के बाद, शाहरुख इस फिल्म में एक बार फिर एक्शन का तड़का लगाते दिखेंगे। फिल्म में सुहाना खान, अभिषेक बच्चन, रानी मुखर्जी, जयदीप अहलावत और अरशद वारसी समेत कई सितारे अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह 24 दिसंबर, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी।



हॉलीवुड मसाला



'टॉम एंड जेरी' की धमाकेदार वापसी...

लॉस एंजिल्स। टॉम और जेरी एक नए एडवेंचर पर निकल रहे हैं। उनकी फिल्म 'टॉम एंड जेरी: फॉरबिडन कंपास' 23 अक्टूबर, 2026 को भारत के सिनेमाघरों में आ रही है। इस बार वे पूर्वी पौराणिक कथाओं से प्रेरित एक पुरानी दुनिया की खोज करेंगे। खास बात यह है कि पहली बार ये दोनों 3डी सीजीआई में पूरी तरह एनिमेटेड दिखेंगे। इस फिल्म का निर्देशन गैंग झांग ने किया है, जो उनकी पुरानी भाग-दौड़ को एक नया अंदाज देगी। भारत में 50 से ज्यादा सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म यह फिल्म कई देशों के स्टूडियो की मेहनत का नतीजा है।



'द ब्रैडी बंच' के अभिनेता माइकल ग्रे का हुआ निधन

लॉस एंजिल्स। मशहूर 'शजाम' सीरीज में बिली बैटसन का यादगार किरदार निभाने वाले माइकल ग्रे का 75 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। उनका निधन 16 अक्टूबर को कैलिफोर्निया के पाम डेजर्ट में हुआ। उन्होंने अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़ी है, जो आज भी पुराने और नए दोनों तरह के फैंस से जुड़ी हुई है। माइकल ने सबसे पहले टीवी पर 'रूम 222' और 'द फ्लाइंग नन' जैसे शोज में काम करके अपनी पहचान बनाई, लेकिन उन्हें असली शोहरत 'शजाम' में बिली का किरदार निभाकर मिली, जो कैप्टन मार्वल में बदल सकते थे। हालांकि, बाद में उन्होंने हॉलीवुड से दूसरी बना ली थी। उन्होंने 'शजाम फ्यूरी ऑफ द गॉड्स' (2023) में एक छोटा लेकिन यादगार भूमिका भी की थी, जिससे पता चलता है कि उनकी कहानी आज भी लोगों के दिलों में है।



'तनु वेड्स मनु-3' में नहीं दिखेंगी कंगना

मुंबई। कंगना रनौत और आर माधवन की लोकप्रिय फिल्म 'तनु वेड्स मनु' तीसरी कड़ी के साथ वापसी करने जा रही है। करीब एक दशक से ज्यादा समय बाद निर्माता 'तनु वेड्स मनु: द नेक्स्ट चैप्टर' लेकर आ रहे हैं। कुछ समय पहले ही फिल्म का ऐलान किया गया था, जिसके बाद से फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, इस बार कहानी पुराने किरदारों को आगे बढ़ाने के बजाय एक नए अध्याय के रूप में पेश की जाएगी। निर्देशक मिताक्षरा 'तनु वेड्स मनु 3' पर काम कर रही हैं। बताया जा रहा है कि इस रोमांटिक कॉमेडी में कंगना और माधवन के किरदारों की कहानी आगे नहीं बढ़ेगी। इसके बजाय फिल्म में नई और युवा कलाकारों की टोली नजर आएगी। 'मिड-डे' से बातचीत में मिताक्षरा ने कहा, हम एक नई और युवा कास्ट के साथ आ रहे हैं।



श्रेयस व सुभाष ने 20 साल बाद मिलाया हाथ

मुंबई। श्रेयस तलपड़े और दिग्गज फिल्मकार सुभाष घई नई फिल्म 'मान्या' के लिए साथ आए हैं। सिनेमा में 50 साल पूरे करने के उपलक्ष्य में, घई ने ऐलान किया है कि उनका प्रोडक्शन हाउस, मुक्ता आर्ट्स श्रेयस के साथ फिर से काम कर रहा है। यह परियोजना 20 साल बाद उनकी वापसी का प्रतीक होगी। इससे पहले, श्रेयस और घई ने 2005 में आई फिल्म 'इकबाल' में काम किया था। इसमें अभिनेता एक उभरते हुए क्रिकेटर के किरदार में दिखे थे। घई ने श्रेयस के साथ काम करने पर कहा, इस फ़िल्म के लिए श्रेयस तलपड़े के साथ काम करना एक शानदार अनुभव रहा है। वह एक बहुत ही वर्सेटाइल एक्टर हैं जिन्होंने 'इकबाल', 'अपना सपना मनी मनी' (2006) और 'गोलमाल अगेन' (2017) जैसी फिल्में के जरिए अपनी रेंज दिखाई है।

टीवी मसाला



कपिल शर्मा के निशाने पर आए 'पहला प्यार दूसरी बार' के नए कपल्स

मुंबई। लव रंजन की 'पहला प्यार दूसरी बार' सिनेमाघरों में दर्शकों का दिल जीत रही है, वहीं फिल्म की लीड स्टार कास्ट को कपिल शर्मा के शो में उनके खास मजाकिया अंदाज और हाजिरजवाबी का सामना करना पड़ा। अनुज सैनी के डायरेक्शन और लव रंजन के प्रोडक्शन में बनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'पहला प्यार दूसरी बार' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म आज के रिश्तों, स्कूल रीयूनियन और प्यार को दूसरा मौका मिलने की कहानी को एक नए और दिलचस्प अंदाज में पेश करती है। फिल्म में स्पर्श वालिया, अलीशा चोपड़ा, साक्षी वैद्य, कुणाल वैद, सरगुन कौर लूथरा और तुषार छिब्बर जैसे नए चेहरे नजर आ रहे हैं। फिल्म कॉमेडी, शानदार म्यूजिक और इमोशन्स का अच्छा मेल पेश करती है, जो दर्शकों को पसंद आ रहा है। रिलीज के बाद से ही फिल्म को दर्शकों की ओर से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है और इसकी तारीफ हो रही है। इस तरह फिल्म दर्शकों का दिल जीतने वाली एक बेहतरीन एंटरटेनर बनकर सामने आई है। फिल्म को लेकर चर्चा उस वक्त और बढ़ गई, जब हाल ही में इसकी पूरी स्टार कास्ट 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' में पहुंची। यहां होस्ट कपिल शर्मा ने अपने खास मजाकिया अंदाज में कलाकारों की टांग खींची और कपल्स की जमकर खिंचाई की। लव फिल्म्स की ओर से शेयर किए गए एक मजेदार प्रमोशनल वीडियो में कपिल युवा कलाकारों से मजाक करते और उनसे अचानक अपने शो में आने की वजह पूछते नजर आ रहे हैं।

'बिग बॉस 20': माही विज हुईं भावुक

मुंबई। सलमान खान के शो 'बिग बॉस 20' में माही विज बतौर प्रतियोगी नजर आ रही हैं। हालिया एपिसोड में अरिश्फा खान से झगड़े के बाद,



माही अपने निजी संघर्ष को याद करके भावुक हो गई थीं। उन्होंने बताया था कि कैसे वह अपनी बेटी तारा की परवरिश अकेले कर रही हैं। अब माही के पति और अभिनेता जय भानुशाली उनके समर्थन में आए हैं। उन्होंने कहा कि भले उनका तलाक हो गया, लेकिन माही और तारा हमेशा उनकी जिम्मेदारी रहेंगे। माही की टीम ने उनके इस भावुक पल का वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जय ने कहा, माही, मजबूत रहो। हम दोनों जानते हैं कि मुश्किल समय में हम हमेशा एक-दूसरे का साथ देंगे। पैसा कभी हमारे बीच बाधा नहीं बना और न कभी बनेगा। तुम और तारा जिंदगी भर मेरी जिम्मेदारी रहोगी। शादी का रिश्ता तुम दोनों के लिए मेरे प्यार और सम्मान को कभी नहीं बदल सकता।

मधुबाला और मीना कुमारी की बायोपिक पर रोक, क्या है दोनों फिल्मों में देरी की वजह?

मुंबई। मधुबाला और मीना कुमारी बॉलीवुड के वो नाम हैं, जो किसी परिचय के मोहताज नहीं। इन दोनों दिग्गज अभिनेत्रियों पर 2 बायोपिक बनाई जा रही हैं। हालांकि, खबरों के मुताबिक, अभी उन्हें रोक दिया गया है। फिल्मफेयर के मुताबिक, दोनों फिल्मों में देरी हो रही है और अभी ये स्पष्ट नहीं है कि ये कब आगे बढ़ेंगी। लंबे समय से इन फिल्मों की चर्चा चल रही है, लेकिन इनके निर्माण की दिशा में खास कदम नहीं उठाए गए हैं।



मधुबाला में भी हो रही देरी

खबरों के मुताबिक, मधुबाला की बायोपिक में उनका किरदार सारा अर्जुन निभाने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन जसमीत के रीन करने वाले हैं और संजय लीला भंसाली इस प्रोजेक्ट को सपोर्ट कर रहे हैं। शुरुआत में इस फिल्म को बजट से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन भंसाली के जुड़ने के बाद काम ने रफ्तार पकड़ ली थी। हालांकि, इसके आगे की प्रगति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल, दोनों फिल्में होल्ड पर हैं।

क्यों हो रही है इन फिल्मों की शूटिंग में देरी?

अब तक निर्माताओं ने इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है कि इन फिल्मों की शूटिंग कब शुरू हो सकती है। मीना कुमारी की बायोपिक से फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा बतौर निर्देशक अपना सफर शुरू करने वाले थे और खबर थी कि इसमें कृति सेनन मुख्य भूमिका निभाएंगी। हालांकि, मनीष के फिल्म से अलग होने के बाद मुख्य भूमिका के लिए कियारा आडवाणी का नाम चर्चा में आया। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

प्रियंका के जाते ही विद्या ने संभाली कमान 19 साल बाद सैफ से मिलाया हाथ

मुंबई। सैफ अली खान अपनी 'परिणीता' सह-कलाकार विद्या बालन संग रितेश बत्रा की फिल्म में नजर आएंगे। मुंबई में शूटिंग कर रही ये जोड़ी 19 साल बाद साथ आई है। पहले इस रोल में प्रियंका चोपड़ा नजर आने वाली थीं, लेकिन उनके अलग होने के बाद विद्या बालन की एंट्री हुई। भले ही सैफ-विद्या की आखिरी फिल्म 2007 में 'एकलव्य' थी, पर सेट के सूत्रों का कहना है कि उनकी केमिस्ट्री देखकर लगता है जैसे कल ही साथ काम किया हो।

सैफ निभाएंगे सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार : मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में सैफ के साथ एक और अभिनेत्री नजर आएंगी। ये भूमिका मशहूर फ्रांसीसी अभिनेत्री, निर्देशक और गायिका मेलानी लॉरेंट निभाएंगी। लॉरेंट ने फ्रेंच और हॉलीवुड सिनेमा में अपनी खास पहचान बनाई है। उधर 'द लंचबॉक्स' के निर्देशक रितेश बत्रा इससे पहले इरफान खान, रॉबर्ट रेडफोर्ड और जिम ब्रॉडबेंट जैसे कलाकारों के साथ काम कर चुके हैं। अब वो सैफ के साथ नई फिल्म बना रहे हैं, जिसमें सैफ अपने करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार निभाएंगे।



प्रियंका क्यों हुईं प्रोजेक्ट से बाहर?

फिल्म एक प्रेम कहानी है, जिसमें पारिवारिक ड्रामा भी देखने को मिलेगा। पहले इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा के होने की चर्चा थी, लेकिन शूटिंग की तारीखें न मिलने के कारण उन्होंने ये प्रोजेक्ट छोड़ दिया। 21 अक्टूबर से मुंबई में फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। प्रियंका के फिल्म से बाहर होते ही विद्या बालन ने कमान संभाल ली। अब फैंस सैफ और विद्या की जोड़ी को दोबारा बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्सुक हैं।

'फौजी' के टीजर में दिखा दबंग अवतार, फर्स्ट लुक ने लूटी वाहवाही

'खून भी लूंगा और आजादी भी, छीन के', रिबेल सोल्जर बने प्रभास

मुंबई। *पैन इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। आने वाले दिनों में प्रभास 'कल्कि 2' से लेकर 'सलार 2', 'स्पिरिट' और 'फौजी' जैसी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। शुक्रवार, 23 अक्टूबर को प्रभास का 47वां जन्मदिन था, इस मौके पर उनकी आने वाली फिल्मों के निर्माताओं ने फिल्म के पोस्टर, बीटीएस वीडियो और टीजर जारी कर फैंस को सरप्राइज दिया। 'फौजी' के निर्माताओं ने भी फिल्म से अभिनेता का फर्स्ट लुक और एक नया टीजर जारी किया है। साथ ही, फिल्म की थिएट्रिकल रिलीज की तारीख का भी ऐलान कर दिया है। इस खबर ने प्रभास के फैंस को भी खुश कर दिया है।*

'फौजी' का टीजर जारी

'फौजी' के निर्माताओं ने 2 मिनट 31 सेकंड का टीजर जारी किया, जिसमें प्रभास एक उग्र और दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं। आजादी से पहले के दौर पर आधारित, 'फौजी' में प्रभास एक ऐसे बागी सैनिक की भूमिका में नजर आने वाले हैं, जो अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

गोलियों की बौछार के बीच प्रभास

टीजर में प्रभास एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं और गोलियों की बौछार देखने को मिलती है। इसमें प्रभास के किरदार को भारत का सबसे बड़ा बागी सैनिक" बताया गया है, जो 1932 से ही वांटेड है। ऐसा लगता है कि उनकी कहानी ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई के इर्द-गिर्द घूमती है। टीजर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'पेश है डिक्लासिफाइड फाइल नंबर 25 - फौजी, 19 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में।'



फौजी का टीजर

'फौजी' कब रिलीज हो रही है? तेलुगु पीरियड ड्रामा 'फौजी' 19 मार्च, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 3 दिसंबर, 2026 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसकी रिलीज को टाल दिया गया था। नानी की फिल्म 'द पैराडाइज' के प्री-रिलीज इवेंट में, प्रोड्यूसर रवि शंकर ने फिल्म के पोस्टपोन होने की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि इस अतिरिक्त समय का इस्तेमाल इस बड़े और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

'फौजी': कास्ट और क्रू

हनु राघवपुडी के निर्देशन में बन रही 'फौजी' में प्रभास और इमानवी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके साथ अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर और अन्य कलाकार भी नजर आएंगे। इस फिल्म को नवीन यरनेनी, वाई रवि शंकर और भूषण कुमार ने 'मैथरी मूवी मेकर्स' के बैनर तले प्रोड्यूस किया है, और टी-सीरीज फिल्म्स द्वारा पेश किया जा रहा है। काम की बात करें तो, प्रभास आखिरी बार 'द राजा साब' में नजर आए थे। उनके पास कई और प्रोजेक्ट्स भी हैं, जिनमें संदीप रेड्डी वांगा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट', नाग अश्विन की 'कल्कि 2898 एडी' का सीक्वल और प्रशांत नील की 'सालार 2' शामिल है।

खबर संक्षेप

जिला अस्पताल में लगा कैंसर जांच शिविर

रायगढ़। कैंसर की समय पर पहचान, जांच और उचित उपचार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय, रायगढ़ में निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में आयोजित शिविर में रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में बताया गया कि कैंसर की शुरुआती अवस्था में पहचान होने से उपचार अधिक प्रभावी हो सकता है। शरीर में गांठ या सूजन, लंबे समय तक ठीक न होने वाला घाव, मुंह में सफेद या लाल धब्बे, बिना कारण वजन कम होना, खून आना या लगातार खांसी जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि जायसवाल, मेडिकल ऑन्कोलॉजी एवं हेमेटोलॉजी के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. नवीन जैन तथा सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. रुचिर धाकड़, डॉ.राहुल पाण्डेय, डॉ.सुरेन्द्र पटेल एवं डॉ. उमेश चंद्रा ने मरीजों को परामर्श दिया। चिकित्सकों ने मरीजों की स्वास्थ्य समस्याओं के अनुसार जांच की और जरूरत के मुताबिक आगे की जांच, उपचार के विकल्पों तथा उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी दी। यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की बैठक

रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, अर्हता तिथि 1 जनवरी के अंतर्गत जिले में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की जा रही है। इसके तहत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15 लैलूंगा, 16 रायगढ़, 18.खरसिया एवं 19 धरमजयगढ़ से मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में 26 अक्टूबर सोमवार को शाम 4 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्वसंबंधितों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

17.650 टन कबाड़ से लदा 12 चक्का ट्रक जब्त

रायगढ़। पूंजीपथरा पुलिस ने 17.650 टन स्क्रैप कबाड़ से लदे 12 चक्का ट्रक को जब्त किया है। कबाड़ की अनुमानित कीमत 5 लाख 29 हजार 500 है। वाहन चालक कबाड़ के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिस पर चोरी का माल होने के संदेह में पुलिस ने ट्रक और कबाड़ को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की। पूंजीपथरा पुलिस को जानकारी मिली कि ट्रक क्रमांक सीजी 13 एलए 2763 में स्क्रैप कबाड़ लोड कर परिवहन किया जा रहा है। पुलिस ने तमनार चौक के पास सड़क पर घेराबंदी कर संदिग्ध ट्रक को रोककर जांच की। चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रमेश यादव, पिता डल्लू यादव उम्र 45 वर्ष निवासी रसूलपुर थाना सरायमीर, जिला आजमगढ़ बताया। ट्रक में लोड स्क्रैप कबाड़ के संबंध में चालक से दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने गवाहों के समक्ष विधिवत जब्ती कार्रवाई करते हुए 17.650 टन स्क्रैप कबाड़, जिसकी अनुमानित कीमत 5,29,500 है, तथा परिवहन में प्रयुक्त 12 चक्का ट्रक को जब्त कर लिया। मामले में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 303,2 तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएस की धारा 35,क, 35,ड का उल्लेख करते हुए वैधानिक कार्रवाई की गई है। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा अवैध एवं संदिग्ध कबाड़ परिवहन पर निगरानी रखते हुए ऐसी गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी है।

चार प्रमुख मांगों को लेकर उठाई आवाज

जिले भर के कोटवारों ने खोला मोर्चा नियमितीकरण और वेतन वृद्धि की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



ज्ञापन सौंपते कोटवार संघ के पदाधिकारी।

कोटवारों की लंबित मांगों को लेकर कोटवार एसोसिएशन ने शासन से समस्याओं के निराकरण की मांग की है। संगठन ने सीएम और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कोटवारों को नियमित करने, राजस्व विभाग में संविलियन करने और मासिक पारिश्रमिक बढ़ाकर कम से कम 15 हजार करने की मांग उठाई है। इस प्रदर्शन में रायगढ़ जिले के सैकड़ों कोटवारों ने शामिल होकर सरकार से मांगे पूरी करने की मांग की।

संगठन का कहना है कि कोटवार लंबे समय से शासन और ग्रामीण जनता की सेवा कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें शासकीय कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला है। इससे उन्हें बीमा, पेंशन और ग्रेच्युटी जैसी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कम पारिश्रमिक के कारण उनके सामने आर्थिक संकट भी बना हुआ है। कोटवार एसोसिएशन ने अपनी मांगों में कोटवारों को नियमित कर राजस्व विभाग में संविलियन करने, महंगाई के अनुपात में पारिश्रमिक बढ़ाकर न्यूनतम 15 हजार रुपए मासिक करने और पारिश्रमिक निर्धारण की चार वर्गों वाली व्यवस्था समाप्त कर सभी को समान श्रेणी में रखने की मांग की है। इसके अलावा, संगठन ने कोटवारों की नियुक्ति में कथित मनमानी पर रोक लगाने और परंपरागत व्यवस्था के तहत रिक्त पदों पर संबंधित कोटवार परिवार के सदस्यों को प्राथमिकता देने की मांग की है। संगठन का आरोप है कि नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव के कारण कई परिवारों को न्यायालयीन प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ रहा है।

शहरी क्षेत्रों में नियुक्ति पर प्रतिबंध हटाने की मांग

एसोसिएशन ने नगर पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम क्षेत्रों में कोटवारों की नियुक्ति पर लगे प्रतिबंध को हटाने की भी मांग की है। संगठन के अनुसार, शहरी सीमा में शामिल हो चुके गांवों में कोटवारों के पद रिक्त होने पर नई नियुक्तियां नहीं होने से संबंधित परिवार प्रभावित हो रहे हैं। यदि शहरी क्षेत्रों में कोटवार पदों पर नियुक्ति संभव नहीं है, तो प्रभावित परिवारों के सदस्यों को वैकल्पिक पदों पर नियुक्ति दी जाए अथवा उनकी धारित सेवा भूमि से बेदखल नहीं किया जाए।

घरघोड़ा में 1 नवंबर से पॉलीथिन पानी पाउच बैन

सामग्री जब्त कर लगेगा जुर्माना, दुकानदारों से मौजूदा स्टॉक खत्म करने कहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर पंचायत घरघोड़ा ने पॉलीथिन कैरी बैग और पानी पाउच के उपयोग, बिक्री एवं वितरण पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। यह प्रतिबंध 1 नवंबर से लागू होगा। इसके बाद प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग या बिक्री करते पाए जाने पर जब्ती और जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत की इस पहल का उद्देश्य शहर में प्लास्टिक कचरे को कम करना और स्वच्छता बनाए रखना है।

नगर पंचायत परिषद की बैठक में पारित संकल्प के आधार पर पॉलीथिन और प्लास्टिक कचरा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी बढ़ाने के साथ नालियों में रुकावट पैदा करता है, जिससे जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होती है। परिषद द्वारा थोक व्यापारियोंए वितरकों, आपूर्तिकर्ताओं और निर्माताओं को नगर पंचायत क्षेत्र में प्रतिबंधित सामग्री का भंडारण, परिवहन और आपूर्ति नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही दुकानदारों, व्यापारियों, होटल रेस्टोरेंट संचालकों, भोजनालय संचालकों और साप्ताहिक हाट बाजार के विक्रेताओं से 1 नवंबर से पहले पॉलीथिन कैरी बैग और पानी पाउच का मौजूदा स्टॉक खत्म करने या वापस करने की अपील की गई है। प्रतिबंध लागू होने के बाद इनका नया स्टॉक मंगाने और ग्राहकों को वितरित करने पर रोक रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने पर प्रतिबंधित सामग्री जब्त करने के साथ जुर्माना लगाया जाएगा।

दो जुआ फड़ पर रेड 6 जुआरी गिरफ्तार

रायगढ़। कोतवाली पुलिस ने 23 अक्टूबर की रात दो अलग-अलग स्थानों पर जुआ रेड की कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से कुल 9400 रुपए नकद, 52-52 पत्ती की दो ताश गड्डियां तथा दो प्लास्टिक बोरियां जब्त की हैं। दोनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियमए 2022 की धारा 3,2 के तहत कार्रवाई की गई है। पहली कार्रवाई में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बाउलीकुआं के पास कुछ व्यक्ति रुपए पैसों का दांव लगाकर ताशपत्ती से काट.पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और जुआ खेलते तीन व्यक्तियों को पकड़ा।

विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्णः तोमर





रायगढ़। युवाओं की प्रतिभा, विचारों और रचनात्मक ऊर्जा को देश प्रदेश के विकास से जोड़ने तथा विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को रायगढ़ में यवा उड़ान 2026 का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में पंजरी प्लांट स्थित संत बाबा प्रियदर्शी राम ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मां शारदा, छत्तीसगढ़ महतारी एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के सामने विधिवत दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि युवाओं की प्रतिभाए विचारों और रचनात्मक ऊर्जा को देश प्रदेश के विकास से जोड़ना युवा उड़ान 2026 का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने विकसित भारत के लिए युवा शक्ति का योगदान का जिक्र करते हुए कहा जब तक युवा अपने कंधे पर देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी नहीं लेगा, तब तक विकसित भारत का सपना पूरा नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि युवा सिर्फ नौकरी मांगने वाला न बने, बल्कि नौकरी देने वाला, स्टार्टअप वाला, इनोवेशन वाला बने। यह कार्यक्रम बीजापुर से शुरू होकर बलरामपुर तक प्रदेश के सभी 33 जिलों में आयोजित किया जा रहा है। रायगढ़ में भी बड़ी संख्या में युवाओं ने इसमें भाग लिया। अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से युवाओं के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की जा रही है।

तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं अजजा आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

रायगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी कैबिनेट मंत्री दर्जा एवं उपाध्यक्ष एमडी ठाकुर राज्यमंत्री दर्जा 26 से 28 अक्टूबर तक रायगढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे आदिवासी समाज के प्रमुखों से भेंट मुलाकात करेंगे तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण करेंगे। साथ ही जनजातीय समुदाय से जुड़े विभिन्न विषयों पर अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार आयोग के अध्यक्ष मंडावी एवं उपाध्यक्ष श्री ठाकुर 26 अक्टूबर को शाम 4 बजे कोरबा जिले के ग्राम आमाडाढ़ से प्रस्थान कर शाम 6 बजे धरमजयगढ़ पहुंचेंगे। यहां वे आदिवासी समाज के प्रमुखों से भेंट मुलाकात करेंगे तथा रात्रि विश्राम धरमजयगढ़ में करेंगे।

पुलिस की कार्रवाई में बाधा डालना पड़ा भारी, 3 महिला समेत 4 गिरफ्तार

रायगढ़। जिले में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के दौरान पुलिस से हुज्जतबाजी और शासकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में जूटमिल पुलिस ने तीन महिलाओं और एक युवक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने शराब रेड के दौरान प्रशिक्षु उप निरीक्षक दिव्या बंजारे के साथ गाली गलौज और धक्का मुक्की की। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर की रात जूटमिल पुलिस को ग्राम गढ़उमरिया निवासी पिताम्बर उर्फ फुंदु लहरे के अवैध रूप से शराब बनाकर बेचने की सूचना मिली थी। इसके बाद प्रशिक्षु उप निरीक्षक दिव्या बंजारे के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव पहुंची और गवाहों की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान थैला लेकर भागने की कोशिश कर रहे पिताम्बर लहरे को पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से 180 एमएल की बोतलों में भरी देशी मसाला शराब के 66 पावए कुल 11.880 बल्क लीटर, और शराब बिक्री के 400 रुपए बरामद हुए। जब्त शराब की कीमत 5,600 रुपये बताई गई है। जब्त शराब की कार्रवाई और वीडियोग्राफी के दौरान पिताम्बर ने पुलिस के कब्जे से निकलकर भागने का प्रयास किया। इसी बीच घर की महिलाओं के पहुंचने के बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि बीना लहरे, दुमेश्वरी लहरे और रजनी मिरी ने पुलिस टीम के साथ गाली गलौज और धक्का मुक्की करते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाली।



जिला चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओं को मिल रही सोनोग्राफी की सुविधा



कटेली। जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के फलस्वरूप आज की स्थिति में कुल 1,070 गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी सेवा प्रदान की जा चुकी है, जो अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं पर आम जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। जिला चिकित्सालय में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रानू मनहर द्वारा प्रति सप्ताह दो दिन प्रत्येक गुरुवार एवं शनिवार को गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की जा रही है। व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए स्टाफ नर्स उर्वशी सिदार द्वारा सोनोग्राफी हेतु आने वाली गर्भवती महिलाओं की व्यवस्थित लाइन लिस्टिंग सुनिश्चित की जाती है। सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने बताया कि स्थानीय स्तर पर नियमित एवं निःशुल्क सोनोग्राफी की उपलब्धता से क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी की समय पर डायग्नोसिस पहचान करने में सफलता मिल रही है।

सरस्वती शिशु मंदिर में विभाग स्तरीय बैठक आचार्यों और प्रांतीय पदाधिकारी हुए शामिल

सरिया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नैतिक शिक्षा भारतीय परंपराओं पर आधारित योजनाओं को बढ़ावा देना और आने वाले दिनों के लिए कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिता व शिक्षक प्रशिक्षण व शालेय गतिविधि को लेकर बैठक संपन्न हुआ। जिसमें प्रांत स्तरीय पदाधिकारी भी शामिल हुए। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय बरमकेला में शनिवार को विभाग स्तरीय एक दिवसीय बैठक का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

विद्या भारती संस्थान के अंतर्गत आयोजित होने वाली इस प्रकार की संगठनात्मक बैठकों का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और विद्यालयीन गतिविधियों की समीक्षा करना था। प्रदेश भर में आयोजित प्रांत स्तरीय के बैठक को तीन चरणों में विभक्त किया गया है। प्रथम चरण का



बैठक आज बरमकेला में भी संपन्न हुआ। जिसमें सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं रायगढ़ जिले के सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबंध समिति और आचार्य उपस्थित रहे। बैठक प्रांतीय पदाधिकारियों की विशेष उपस्थित और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सरस्वती शिशु मंदिर बरमकेला के प्रांगण में आयोजित बैठक में सामान्य अतिथियों में विद्यालय के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किया।

आत्मनिर्भरता की राह महिलाएं ई-रिक्शा चलाने की ले रहे ट्रेनिंग



रायगढ़। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में नगर निगम रायगढ़, श्रम विभाग एवं आरटीओ द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी कड़ी में आज ई रिक्शा योजना के तहत महिला हितग्राहियों को ई रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण देने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस पहल से महिलाएं ई रिक्शा संचालन में दक्ष होकर रोजगार के नए अवसरों से जुड़ सकेंगी और आर्थिक रूप से सशक्त बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहानए सभापति डिग्री लाल साहू एवं नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला हितग्राहियों को ई रिक्शा चलाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए तैयार करना तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है।

नौ दिनों तक चली निःशुल्क चिकित्सा सेवा की बयार

अदाणी ने लगाया शिविर, 687 श्रद्धालुओं का इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ चंद्रहासिनी देवी मंदिरए चंद्रपुर में आस्था और सेवा का एक अनूठा संगम देखने को मिला।

अदाणी पावर लिमिटेड रायगढ़ की सामाजिक सरोकार इकाई अदाणी फाउंडेशन की ओर से मंदिर परिसर में 11 से 19 अक्टूबर तक नौ दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं प्राथमिक उपचार शिविर का आयोजन किया गया।

इस पुनीत पहल के माध्यम से मेले में देश-प्रदेश से पहुंचे कुल 687 श्रद्धालुओं को त्वरित, सुलभ और उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें 504 पुरुष और 183 महिलाएं शामिल रहीं। इस शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि आशीष पटेल तहसीलदार, डभरा, ओमप्रकाश देवांगन अध्यक्ष, नगर पंचायत चंद्रपुर, तिलेस माली मंडल अध्यक्ष, मोहन विश्वकर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी, दिनेश नायक जिला समन्वयक, गौरी शंकर गुप्ता एवं गिरजा यादव एल्डरमैन तथा मंदिर न्यास के वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

शिविर में डॉ. उरांव के कुशल मार्गदर्शन में समर्पित मेडिकल टीम ने चौबीसों घंटे अपनी सेवाएं दीं। महानदी के तट पर उमड़े जनसैलाब के बीच श्रद्धालुओं को न केवल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श मिला, बल्कि आवश्यक दवाइयों का भी मुफ्त वितरण किया गया। शिविर में लंबी दूरी तय कर पहुंचे 187 मरीजों को तात्कालिक राहत दी गई। इसके अलावा सर्दी, खांसी और मौसमी बुखार के 136 मरीजों का उपचार किया गया। वहीं, सफर और उपवास के कारण थके 130 मरीजों को भी मेडिकल सपोर्ट मिला। साथ ही, 106 मरीजों की बीपी, शुगर और घाव की ड्रेसिंग की गई, जबकि त्वचा रोग के 62 और गैस्ट्रो के 44 मरीजों का भी निदान हुआ।

ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड के पास अज्ञात युवक का शव मिला

रायगढ़। जूटमिल पुलिस को ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड के पास एक अज्ञात पुरुष का शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जूटमिल थाना पुलिस एवं एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष प्रतीत हो रही है। मृतक के सीने एवं कंधे पर चोट के निशान पाए गए हैं। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जूटमिल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को सुरक्षित रूप से मरच्युरी में रखवाया है। अज्ञात मृतक की पहचान एवं उसके परिजनों का पता लगाने के लिए मृतक के फोटोग्राफ्स सीमावर्ती जिलों की पुलिस तथा विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों पर प्रसारित किए गए हैं। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

